तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार, 5 अप्रैल 2025





13 गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर चल रहा पुनर्विकास कार्य, दो ट्रेनें रद व ग्यारह का बदला मार्ग



14 आसमान साफ होने से राहत चढ़ने लगा रात का पारा


## एयरफोर्स की टुकड़ी ने दी जांबाज जवान को तोपों की सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गर्म और गर्व के आंसुओं के बीच शहीद सिद्धार्थ को अंतम विदाई दी गई। पिता सुशील यादव ने बेटे की चिता को मुखग्नि दी, जबकि एयरफोर्स की टुकड़ी ने शहीद को 21 तोपों की सलामी देते हुए मातमी धुन से अलविदा कहा।







रेवाड़ी। शहीद सिद्धार्थ को सलामी देते वायुसेना के जवान, शहीद सिद्धार्थ को सेल्यूट करते एसडीएम सुरेन्द्र सिंह व पुलिस अधिकारी, शहीद की अंतिम यात्रा में पहुंचे महिलाएं व बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### मंगेतर भी पहुंची अंतिम दर्शन करने

सिद्धार्थ की सगाई 23 मार्च को ही दिल्ली में रह रही गढ़ी बोलनी की युवती सानिया से हुई थी। दोनों की शादी आगामी नवंबर माह में होनी थी। परिवारों ने शादी की तैयारियां भी शुरू कर दी थीं, परंतु होनी ने सगाई को शादी में बदलने से पहले ही सिद्धार्थ को देश के नाम कर दिया। युवती ने पार्थिव शरीर के पास जाकर फफक-फफककर रो पड़ी। नम आंखों से विदाई देते हुए युवती ने अपने मंगेतर की शहादत पर गर्व जताया।

### सामाजिक परंपराओं को दी मात

अंतिम संस्कार के समय ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं श्मशान घाट तक नहीं जातीं। माजरा में नजारा पूरी तरह बदला हुआ था। बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं बच्चों सहित अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई देने के लिए पहुंची थीं। यह महिलाएं सुबह से ही अंतिम संस्कार के स्थान पर पहुंच गई थीं, जो संस्कार के बाद ही घर लौटीं। कई महिलाओं के आंखों में सुशील के इकलौते बेटे के संसार से चलने जाने का गम भी छलक रहा था।

### वायुसेना की टुकड़ी ने दी सलामी

अंतिम संस्कार के समय वायुसेना के 51 जवानों की टुकड़ी शहादत को नमन करने के लिए मौजूद थी। पहले 21 तोपों की सलाती दी गई। इसके बाद मातमी धुन से शहीद को विदाई दी गई। पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल, विधायक डा. कृष्ण कुमार, जिला प्रमुख मनोज यादव, एम्स समिति के प्रधान जगदीश यादव, जीतू चेयरमैन व कई अन्य प्रबुद्ध लोगों ने पुष्प अर्पित किए। प्रशासन की ओर से एसडीएम सुरेंद्र कुमार व डीएसपी सहित खोल थाना पुलिस के जवान भी मौजूद रहे।

#### सीएम ने जताया शहादत पर शोक

फ्लाइट लेफ्टिनेंट शहीद सिद्धार्थ यादव की शहादत पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शोक जताया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि भारत मां के महान सपूत के बलिदान पर हम सबको गर्व है। उन्होंने कहा कि देश के ऊपर सर्वस्व न्योछावर करने वाले ऐसे वीर सपूत को मेरा नमन है। शुक्रवार सुबह सेक्टर-18 निवास पर शहीद का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिये पहुंचा था, जहां क्षेत्रवासियों ने वीर शहीद की शहादत को सलाम करते हुए नमन किया। इसके बाद पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव माजरा ले जाया गया।

#### इन लोगों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन



गांव में सिद्धार्थ यादव को भाजपा नेता डा. अरविंद यादव, यशु चेयरमैन, सुभाष यादव ढाणी शोभा, सरपंच रविंद्र हाथी, सरपंच नरेश यादव नरू रामपुरा, रवि यादव गोठड़ा, महेंद्र कुमार निमोठ, राहुल यादव समाजसेवी, समाजसेवी दिनेश टींट, प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर, नरेंद्र यादव, अशोक यादव, सत्यपाल दहिया, जितेंद्र हेडमास्टर अहरोद व डा. संजय मेहरा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों और सेवानिवृत्त सैनिकों ने शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## खबर संक्षेप

### गांव जलियावास से 15 दिन से लापता व्यक्ति

**कसोला।** गांव जलियावास से एक व्यक्ति लापता हो गया। गांव जलियावास निवासी नरेश कुमार ने कसोला थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया उसका 34 वर्षीस छोटा भाई दीपक विवाहित है। उसका भाई घर से बिना बताए कही चला गया है। दीपक 22 मार्च से घर से लापता है। नरेश ने सभी रिश्तेदारी व दोस्तों से पूछताछ करने व हर जगह तलाश करने के बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है।

### जूस की दुकान से मशीन का इंजन ले गए चोर

**नाहड़।** बव्वा-कारोली मार्ग स्थित दुकान से इंजन चोरी हो गया। गांव बव्वा निवासी राजेन्द्र सिंह ने नाहड़ चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने बव्वा-कारोली मार्ग पर जूस की दुकान की हुई है तथा गन्ने की मशीन चलाने के लिए एक इंजन लगाया हुआ था। एक अप्रैल को कोई मशीन का इंजन चोरी करके ले गया। काफी तलाश करने पर भी इंजन का पता नहीं चलने पर उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक गंभीर घायल

**कोसली।** कोसली बाइपास पर ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। विश्वकर्मा कॉलोनी कोसली भाकली-2 निवासी उदयभान ने पुलिस को बताया कि उसकी कोसली बाजार में श्रीराम ट्रैडर्स के नाम से दुकान है तथा दुकान पर राहुल निवासी बिठला जिला झज्जर मुंशी का काम करता है। गत 31 मार्च को उसको सूचना मिली कि दुकान आते समय कोसली बाइपास नवरत्न होटल के आगे ट्रैक्टर चालक ने राहुल की बाइक को टक्कर मार दी। सड़क से गुजर रहे अमन निवासी लडायन ने डायल-112 पर काल की और राहुल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर उदयभान भी सरकारी हस्पताल पहुंच गया। गंभीर चोटों के कारण सरकारी अस्तपाल कोसली से राहुल को पीजीआई रोहतक दाखिल रेफर कर दिया गया। कोसली थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

### धार्मिक कार्यक्रम मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम रविवार को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से राम रनवमी के पावन अवसर पर प्रभु श्रीराम की आराधना का कार्यक्रम मर्यादा पुरुषोतम श्रीराम का आयोजन 6 अप्रैल को पंजाबी धर्मशाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि गांव रामपुरा के सरपंच नरेश यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि व शिक्षाविद प्रो. सीएल सोनी विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से नवप्रेरणा संस्था के प्रधान हरीश मलिक, पर्यावरणविद डा. अनुराधा सैनी, पार्षद सुचित्रा चांदना व हैल्थ एंड वैलनेस कोच डा. सपना यादव का अभिनंदन किया जाएगा।

### चेक बाउंस के मामले में फरार पीओ गिरफ्तार

**बावल।** बावल थाना पुलिस ने अदालत की ओर से उद्घोषित किए गए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला उदयपुर के मुल्ला तलाई गांधीनगर निवासी आरिफ मोहम्मद के रूप में हुई है। आरोपी काफी दिनों से चेक बाउंस के मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बावल में अलग से अभियोग धारा 174 ए आईपीसी के तहत भी दर्ज किया गया। पुलिस ने वीरवार को आरोपी आरिफ मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया गया है।



पुलिस की ओर से पकड़ा गया पीओ

### दूसरी बार कार्यभार संभालने के बाद डीटीपी के तेवर तल्ख

## डीटीपी के तबादले से तोड़फोड़ पर असर नहीं सात एकड़ में तैयार हो रहा फार्म हाउस जमींदोज

- अब 'बड़ी मछलियों' पर विभागीय अधिकारियों की खास नजर

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

शहर के चारों ओर अवैध रूप से कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों के अरमानों पर दूसरी बार कार्यभार संभालने वाले डीटीपी ने आक्रामक तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार को तुर्कियावास राजस्व सीमा में लगभग 7 एकड़ जमीन में विकसित हो रहे फार्म हाउस पर जेसीबी चलने के बाद यह तय हो गया है कि इस बार 'बड़ी मछलियां' विभाग के निशाने पर हैं। डीटीपी की ओर से अवैध रूप से हो रहे निर्माण का सर्वे करने के बाद नोटिस भेजे जा रहे हैं। इसके बाद इन निर्माण पर जेसीबी चलना तय है। बीते दिनों डीटीपी मंदीप सिहाग का तबादला होने के बाद राजेंद्र शर्मा ने डीटीपी का कार्यभार संभाला था। उनके कार्यभार संभालने के बाद जेसीबी का एक्शन तेज हो गया था। नियमित अंतराल के बाद कोसली से लेकर धारूहेड़ा तक चली डीटीपी की जेसीबी ने बिना अनुमति निर्माण करने वाले लोगों की नींद उड़ा दी थी। धारूहेड़ा में एक फार्म हाउस को विकसित होने से पहले ही तोड़-फोड़ की गई, तो डीटीपी राजेंद्र शर्मा की कार्यशैली का विरोध भी शुरू हो गया था। गत दिनों शर्मा का तबादला होने के बाद यह बात चर्चा में आ गई थी कि राजनीतिक रूप से असरदार लोगों ने ही डीटीपी का तबादला कराया है, ताकि उनके अवैध रूप से किए गए निर्माण सुरक्षित रह सकें। ऐसी चर्चाओं पर मंदीप सिहाग ने पूरी तरह विराम लगा दिया। उन्होंने कार्यभार संभालते ही सबसे पहले उन इलाकों का सर्वे करना शुरू किया, जिन इलाकों में कॉलोनियों काटी जा रही हैं। इसके बाद विभाग की जेसीबी मशीन को अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण तोड़ने के लिए एक्टिव कर दिया। ऐसा माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में डीटीपी की कार्रवाई और गति पकड़ने जा रही है। राजनीतिक दबाव भी अवैध निर्माण टूटने से बचाने की राह में सहायक साबित नहीं होगा।

### जेसीबी ने तोड़ दिए पांच निर्माण

तुर्कियावास राजस्व सीमा में डीटीपी की टीम ने पुलिस बल के साथ जाकर शुक्रवार को 5 एकड़ में विकसित हो रहे फार्म हाउस में जेसीबी चलाई। इस दौरान 17 डीपीसी, 8 चारदीवारी और 5 निर्माण तोड़ दिए। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हो सका। विरोध की आशंका को देखते हुए डीटीपी की ओर से पहले ही एसपी से पुलिसबल मुहैया कराने के लिए पत्र लिखा गया था। फार्म हाउस पर तोड़फोड़ के बाद दूसरे निर्माण करने वाले लोगों में भी हड़कंप मचा हुआ है।



रेवाड़ी। अवैध निर्माण तोड़ते हुए डीटीपी की जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

#### अवैध कॉलोनी नहीं की जाएंगी बर्दाश्त

*सरकार की ओर से पुरानी कॉलोनियों को नियमित किया जा चुका है। कुछ कॉलोनियों के केस पेंडिंग भी चल रहे हैं। जो लोग आमजन को गुमराह करते हुए प्लॉटिंग कर रहे हैं, उन्हें नई कॉलोनी विकसित करने की छूट किसी भी सूरत में नहीं दी जाएगी। ऐसी कॉलोनियों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जाएगी।* **-मंदीप सिहाग, डीटीपी।**

#### चारों ओर भूमाफिया ने फैलाया जाल

शहर के चारों ओर भूमाफिया ने जाल फैलाया हुआ है। कृषि भूमि खरीदने के बाद उस पर कई इलाकों में प्लॉट काटे जा रहे हैं। प्लॉटों की रजिस्ट्री पर पाबंदी होने के बावजूद फुल पेमेंट एग्रीमेंट पर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। कई डीलर खरीददारों को कॉलोनी नियमित होने का झांसा देकर प्लॉट बेचने में कामयाब हो रहे हैं। प्लॉट बिकने के बाद प्रॉपर्टी डीलर गायब हो जाते हैं। खरीददार जब निर्माण शुरू करते हैं, तो डीटीपी की जेसीबी अपना काम शुरू कर देती है। इससे खरीददारों को दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है।

#### एम्स के आसपास प्लॉटिंग ज्यादा

माजरा में निर्माणाधीन एम्स के आसपास प्लॉटिंग करने पर लगभग 3 वर्ष पूर्व ही तत्कालीन डीसी यशेंद्र सिंह ने प्लॉटिंग पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। इसके बावजूद इस समय एम्स के चारों ओर तेजी से प्लॉटिंग की जा रही है। माजरा, मनेठी, पाडला व आसपास के एरिया में कॉलोनियां तक काटी जा रही हैं। फसल कटाई के साथ ही प्लॉटिंग का धंधा तेजी से आगे बढ़ रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार डीटीपी की ओर से माजरा एरिया में की जा रही प्लॉटिंग पर भी नोटिस जारी करने शुरू कर दिए गए हैं।

## चालक के साथ मारपीट कर कार और पर्स लेकर आरोपी हुआ फरार

- पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार देर रात तीन युवक नूरगढ़ रोड पर कार में सो रहे एक किसान के साथ मारपीट करने के बाद कार व पर्स लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। यह कार झज्जर के लुहारी गांव के पास लावारिस हालत में बरामद हो गई। गुरावड़ा निवासी विनोद व उसका भाई सुरेश नूरगढ़ रोड पर अपने खेत में गेहूं निकालने के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली से घर लौट रहे थे। रास्ते में ट्रॉली पलट गई। ट्रॉली में गेहूं होने के कारण विनोद अपने भाई सुरेश को ट्रॉली के पास छोड़कर घर चला गया। बाद में वह अपनी बलेनो कार से ट्रॉली के पास पहुंच गया। उसने सुरेश को घर भेज दिया। खुद साइड में कार लगाकर उसमें सो गया। पुलिस बयान में विनोद ने बताया कि रात को करीब साढ़े 12 बजे दो युवक उसके पास आए। दोनों ने उसके साथ हाथापाई करना शुरू कर दिया। उसने दोनों का जमकर मुकाबला किया।

#### मोबाइल फोन भी कार में रह गया

इसी दौरान एक अन्य युवक ने वहां आकर उसके सिर पर बोतल से वार कर दिया। इस हमले में वह अर्धचेतन हालात में हो गया। तीनों उसकी कार और पर्स लेकर फरार हो गए। उसका मोबाइल फोन भी कार में रह गया। पुलिस के अनुसार झज्जर के लुहारी गांव के पास कार एक पुलिया में गड्ढा होने के कारण उसमें फंस गई, जिससे आरोपी कार छोड़कर फरार हो गए। झज्जर पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर रोहड़ाई पुलिस को सूचना दी।

#### डायल-112 पर कॉल करने की अपील की

विनोद ने बताया कि वारदात के बाद वह किसी तरह नजदीक पड़ने वाले शराब के ठेके पर गया। वहां मौजूद सेल्समैन से डायल-112 पर कॉल करने की अपील की, परंतु उसके मोबाइल से फोन नहीं लगा। इसके बाद वह एक खेत में गया, जहां लोग फसल निकाल रहे थे। उन लोगों ने उसे गुरावड़ा सीएचसी में दाखिल कराकर उसके परिजनों को सूचना दी। भाई ने अस्पताल आकर पुलिस को घटना के बारे में बताया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनका पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनका पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए

## फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने का आरोप सीएम व डीसी को प्रेषित की शिकायत

- पत्र में रजिस्ट्री व इंतकाल पर रोक लगाने की मांग की
- रजिस्ट्री कराते समय नंबरदार दूसरे गांव का गवाह बनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पाडला में प्लॉट की जगह एग्रीकल्चर लैंड दिखाकर फर्जी तरीके से जमीन की रजिस्ट्री कराने के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित ने सीएम और डीसी को शिकायत प्रेषित की है। पत्र में रजिस्ट्री व इंतकाल पर रोक लगाने की मांग की है। शिकायत पत्र में अमरपाल ने बताया कि रिश्ते में उसके चाचा लगने वाले व्यक्ति ने एक जमीन की रजिस्ट्री गत 21 मार्च को कराई है।

रजिस्ट्री कराते समय उसके दादा का नाम भी शामिल किया गया है, जबकि उसके दादा की मौत वर्ष 1998 में ही हो चुकी है। उसके हिस्सेदार गैर मरूसी काबिज हैं। उसने आरोप लगाया कि जमीन की रजिस्ट्री फर्जी तरीके से कराई गई है। रजिस्ट्री 508 वर्ग गज प्लॉट में होनी थी, परंतु अधिकारियों से सांठगांठ करते हुए रजिस्ट्री कृषि भूमि की दिखाकर कराई गई है। रजिस्ट्री ऑफिस में कार्यरत एक कर्मचारी की इसमें भूमिका रही है। रजिस्ट्री कराते समय नंबरदार भी दूसरे गांव का गवाह बनाया गया है।

#### इंतकाल पर रोक की मांग

अमरपाल ने सीएम विंडो पर दर्ज कराई शिकायत में मांग की है कि फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही पटवारी को आदेश जारी किए जाएं कि इस जमीन का इंतकाल दर्ज नहीं हो। प्लॉट की जमीन को कृषि भूमि दर्शान वाले लोगों पर भी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, क्योंकि इससे सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंचाया गया है।

### काफी श्रद्धालु अष्टमी पर कंजिकाओं को भोजन कराकर व उपहार भेंट करके अपने व्रतों का करेंगे समापन

## सातवें नवरात्र पर हुई मां कालरात्रि की पूजा

- आज दुर्गाष्टमी पर निकलेगी माता की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


चैत्र नवरात्रों के अवसर पर शुक्रवार को शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के 9 स्वरूपों में से 7वें स्वरूप मां कालरात्रि की पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना की। शहर के बारा हजारी दुर्गा मंदिर, नई बस्ती मंसा देवी मंदिर, बड़ा तालाब मंसा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी कालीमाता मंदिर व बारा पत्थर कालीमाता मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में मां दुर्गा के दर्शनों के लिए भारी भीड़ दिखाई दी। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए व अपने परिजनों के लिए मन्नतें भी मांगी। नवरात्र पर शहर के मुख्य बाजारों में काफी चहल-पहल दिखाई दे रही है। नवरात्र के आठवें दिन दुर्गाष्टमी पर शनिवार को शहर के बारा हजारी दुर्गा मंदिर से मां दुर्गा की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में भगवान गणेश, मां दुर्गा, शिव-पार्वति व राधा-कृष्ण सहित अनेक मनमोहक झांकियां शामिल की जाएंगी। शनिवार को श्रद्धालु मां दुर्गा के 8वें स्वरुप मां महागौरी की पूजा अर्चना करेंगे, वहीं कुछ श्रद्धालु अष्टमी पर मां महागौरी की पूजा-अर्चना कर अपने व्रतों का समापन भी कंजिकाओं को भोजन कराकर करेंगे।



धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि महागौरी का रंग पूर्णतः गौर है। उनके गौर रंग की उपमा शंख, चन्द्र और कुंद के फूल से की गई है। मां के समस्त वस्त्र एवं आभूषण भी श्वेत हैं, इनकी 4 भुजाएं हैं और इनका वाहन वृषभ है, मां के ऊपर के दाहिना हाथ अभय मुद्रा में और नीचे वाले दाहिने हाथ में त्रिशूल है तथा ऊपर वाले बाएं हाथ में डमरू और नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में हैं। मां की मुद्रा अत्यंत शांत है। कहा जाता है कि मां महागौरी ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए बड़ी कठोर तपस्या की थी, जिसके कारण इनका शरीर एकदम काला पड़ गया था। तपस्या से प्रसन्न होकर भोले शंकर ने इनके पवित्र शरीर को गंगा जी के पवित्र जल से मल कर धोया तब वह विद्युत के समान गौर हो उठा तभी से इन माता का नाम महागौरी पड़ा। मां की शक्ति अमोघ और फलदायिनी है, इनकी उपासना से भक्तों के सभी कलंक धुल जाते हैं और उनके पाप भी नष्ट हो जाते हैं।

#### कंजिकाओं का पूजन करेंगे श्रद्धालु

नवरात्र पर काफी श्रद्धालु अष्टमी व नवमी पर कंजिकाओं को भोजन कराकर व उपहार भेंट करके अपने व्रतों का समापन करते है। दुर्गाअष्टमी पर बहुत से व्रती अपने व्रतों का समापन करेंगे। श्रद्धालु मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने के बाद कंजिकाओं को भोजन कराकर व्रत का समापन करेंगे। श्रद्धालुओं ने कंजिकाओं को भोजन कराने की तैयारी कर ली हैं।


पृथ्वी सूर्य के चारों ओर 29 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से चक्कर लगा रही है।


धरती से अगर चन्द्रमा गायब हो जाए तो पृथ्वी पर एक दिन महज छह घंटे का होगा।

# प्रकृति प्रेमी हैं तो वन सेवा में ऑफिसर अच्छा करियर विकल्प



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारतीय वन सेवा का पद भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। अगर आपका भी सपना है कोई अच्छे पद पर सरकारी जॉब करने का तो आपके लिए आईएफएस एक बढ़िया ऑप्शन हो सकता है। आईएफएस एक ऐसी सरकारी जॉब है जिसमे आप अपना बेहतरीन करियर बना सकते हो। यह लेख पड़ने के बाद आप यह अच्छे से समज सकेंगे कि आईएफएस ऑफिसर कैसे बने और आईएफएस का फुल फोर्म क्या होता है। आईएफएस बनने के लिए क्या क्या योग्यता होनी चाहिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। हालांकि यह करियर बनाने का एक बेहतरीन क्षेत्र है।

## क्या होता है इंडियन फॉरेस्ट सर्विस

इंडियन फॉरेस्ट सर्विस (आईएफएस ) जिसे हिंदी में भारतीय वन सेवा के पद के नाम से जाना जाता है और यह भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। जैसे कि आईएएसएस, आईपीएस और आईएफएस। आईएफएस को 1966 में अखिल भारतीय सेवा अधिनियम 1951 के तहत भारत सरकार द्वारा गठित किया गया। जैसे कि नाम से ही पता चलता है फॉरेस्ट ऑफिसर का काम जंगलों की देखरेख करने से लेकर जंगलों की अवैध कटाई पर रोक लगाने का होता है। अब तो वन विभाग सेक्टर में काफी बदलाव भी आ रहे है जैसे कि इसमें बहुत ज्यादा नौकरियां निकलने लगी है और वन विभाग में अफसर होना कोई छोटी बात नहीं है और इसमें सैलरी पैकेज भी काफी अच्छा रहता है। आईएफएस यानी कि इंडियन फोरेस्ट सर्विस की नियुक्ति एक वन रक्षक के रूप में होती है जिसमे आपको देश की सेवा करने का मौका भी मिलता है। आईएफएस की जॉब में एक शानदार भविष्य की कामना कर सकते है।

## जरूरी योग्यताएं

आईएफएस बनने के लिए आपको सबसे पहले इसके एग्जाम की पतैयारी पर पूरा ध्यान देना होगा। अगर आप नहीं जानते है कि आईएफएस की तैयारी कैसे करे तो घबराइए मत हम आपको पूरा प्रोसेस शेयर करेंगे। आईएफएस के पद पर कार्यरत होने के लिए आपको आईएफएस का एग्जाम पास करना जरुरी होता है इसके बाद ही हम इस पद के अधिकारी बन सकते है। आईएफएस के लिए क्या योग्याएं होनी चाहिए चलो जानते है।

### ये है आयु योग्यता

अगर आप इंडियन प्रेस ऑफिसर बनना चाहते हैं तो आपकी न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष और अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष होनी अनिवार्य है। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग जैसे ओबीसी , एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस आदि कैंडिडेट के लिए आयु सीमा में छूट का प्रावधान मिलता है।

### स्नातक की डिग्री जरूरी

फोरेस्ट विभाग में ऑफिसर बनने के लिए शैक्षिक योगयता में उमीदवार को किसी एक विषय में स्नातक डिग्री होना जरुरी है। जैसे कि गणित, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, पशु चिकित्सा विज्ञान, पशुपालन इंजीनियरिंग, वानिकी, वनस्पति विज्ञान, कृषि सांख्यिकी अदि में किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएट है तो आप फोरेस्ट ऑफिसर बनने के लिए अप्लाई कर सकते हो।

## पास करनी होगी परीक्षा

**भारतीय वन अधिकारी बनने के लिए आपको तीन चरणों को क्लियर करना होता है जिसके बाद आईएफएस बन सकते हैं।**

**प्राथमिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार**

इन तीनों राउंड में से सबसे पहले आपका प्री एग्जाम होता है जो ऑब्जेक्टिव टाईप रहता है और प्री एम्जाम को पास कर लेने के बाद आप मेन्स एग्जाम में बैठने के योग्य होते हैं। और मुख्य परीक्षा आपकी सब्जेक्टिव यानी कि इसमें विस्तार से प्रश्न पूछे जाते हैं। प्री और मेन्स परीक्षा पास कर लेने के बाद आखिर में कैंडिडेट्स को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है जो के फाइनल स्टेप होता है। इस इंटरव्यू को क्लीयर कर लेने के बाद कैंडिडेट्स को फाइनली ट्रेनिंग के लिए भेजा जाता है।

### मुख्य काम

वन विभाग और वन मंत्रालय की जानकारी के लिए जंगल के पेड़ पौधों, जीव जंतुओं से जुड़ा सर्वे करना, कागजी कार्यवाही करना और रिपोर्ट तैयार करना। भेड़, बकरियों व अन्य सभी पालतू जानवरों को वन भूमि पर चरने से रोकना। घायल जीव जंतुओं और पक्षियों को चिकित्सा सहायता देना या उन्हें ऐसे जगह पहुंचाना जहां वे ठीक हो सके और सुरक्षित रहें। जंगल में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना ताकि जंगल का विकास हो सके। शिकारियों को शिकार ना करने देना, अवैध रूप से काटी गई लकड़ी या शिकार किए गए जानवरों या जानवरों के अंगों को जब्त करना।

### सैलरी

आईएफएस अफसर के बारे सभी जानकारी जानने के बाद अब हमारे मन में आखरी और महत्वपूर्ण सवाल होता है कि आखिर इतनी मेहनत करने के बाद आईएफएस की सैलरी क्या होगी। तो हम आप को बता दें कि आईएफएस अफसर को सैलरी काफी अच्छी मिलती है और उसमे समय समय पर इजाफा भी होता है। आईएफएस के पद में 15600 रु प्रति माह से लेकर 40000 रु प्रति माह वेतन देह होता है और 5400 रु ग्रेड पे भी मिलती है। आईएफएस के पद में कई सारे भत्ते अदि भी मुहैया कराये जाते हैं।

## यह पेशा रुतबे के साथ-साथ अच्छा पैसा कमाने का भी देता है मौका

# ट्रेंड फोरकास्टर बन बाजार की नीतियों को पहचानें और बनाएं शानदार करियर

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



### उद्योगों के भविष्य को समझने में करता मदद

अगर आप भी एक नए करियर विकल्प को अपनाना चाह रहे हैं तो आपके लिए ट्रेंड फोरकास्टर बनना एक अच्छा करियर विकल्प हो सकता है। इस पेशे में रुतबे के साथ-साथ अच्छा पैसा कमाने का भी मौका मिलता है। अगर आपको बदलते फैशन, बाज़ार की नीतियों, सामाजिक प्रवृत्तियों को समझने और भविष्यवाणी करने में रुचि है, तो ट्रेंड फोरकास्टर एक बेहतरीन करियर विकल्प है। यह पेशा आपको उद्योगों के भविष्य को समझने और नई संभावनाओं को खोजने का अवसर देता है। ट्रेंड फोरकास्टिंग मुख्य रूप से फैशन, टेक्नोलॉजी, बिजनेस, मार्केटिंग और सांस्कृतिक रुझानों का विश्लेषण करके कंपनियों को आने वाले बदलावों के लिए तैयार करने में मदद करता है। ट्रेंड फोरकास्टिंग में गहरी रिसर्च, उपभोक्ताओं के व्यवहार का विश्लेषण, और डिजिटल टूल्स का उपयोग करके भविष्य के ट्रेंड्स को पहचानने की आवश्यकता होती है। यह पेशा न केवल रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देता है, बल्कि विभिन्न उद्योगों में कंपनियों की रणनीतियों को भी आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चाहे वह फैशन डिजाइनर हों, मार्केटिंग टीमें हों, या निवेशक, सभी ट्रेंड फोरकास्टर्स की भविष्यवाणियों पर भरोसा करते हैं ताकि वे प्रतिस्पर्धा में आगे रह सकें।

### ट्रेंड फोरकास्टर क्या है



ट्रेंड फोरकास्टर का मुख्य कार्य भविष्य के ट्रेंड्स की पहचान और विश्लेषण करना होता है। वे विभिन्न डेटा, उपभोक्ता व्यवहार, बाजार की स्थितियों और सामाजिक बदलावों का अध्ययन करके आने वाले महीनों या वर्षों में संभावित रुझानों की भविष्यवाणी करते हैं।


Pexels/Los Muertos Crew

### तेजी से बढ़ता हुआ करियर

ट्रेंड फोरकास्टिंग एक रोमांचक और तेजी से बढ़ता हुआ करियर है। यदि आपको मार्केटिंग, फैशन, टेक्नोलॉजी और उपभोक्ता व्यवहार की गहरी समझ है और आप नई चीज़ों की भविष्यवाणी करने में रुचि रखते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है।

### ट्रेंड फोरकास्टिंग के प्रमुख क्षेत्र

- फैशन ट्रेंड फोरकास्टिंग : आगामी कपड़ों की शैलियों, रंगों, और डिज़ाइनों की भविष्यवाणी करना।
- बिजनेस और मार्केटिंग फोरकास्टिंग: उपभोक्ताओं के व्यवहार और खरीदारी के रुझानों को समझना।
- टेक्नोलॉजी ट्रेंड फोरकास्टिंग: नई तकनीकों और डिजिटल परिवर्तनों की भविष्यवाणी करना।
- सांस्कृतिक और सामाजिक ट्रेंड्स: समाज में होने वाले बदलावों और उनकी दिशा को समझना।
- ब्यूटी और लाइफस्टाइल फोरकास्टिंग: स्किनकेयर, मेकअप और हेल्थ से जुड़े रुझानों की पहचान।

### वेतन और संभावनाएं

ट्रेंड फोरकास्टिंग में वेतन निजी और सरकारी क्षेत्रों में भिन्न हो सकता है। निजी कंपनियों में, एक शुरुआती ट्रेंड। इसमें अनुभव के आधार पर भी वेतन निर्भर करता है। जितना अच्छा आपका अनुभव होगा उतना ही आप कमाई कर पाएंगे।

फोरकास्टर को 40,000 रुपये से 60,000 रुपये प्रति माह मिल सकता है, जबकि अनुभवी पेशेवरों का वेतन 1,50,000 रुपये से 3,00,000 प्रति माह तक हो सकता है। शीर्ष स्तर के ट्रेंड फोरकास्टर्स को डेलॉयट, बीसीजी, नीलसन, और मैकिन्से जैसी कंपनियों में आकर्षक पैकेज मिलते हैं।

-सरकारी संगठनों जैसे भारतीय कपड़ा मंत्रालय, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, और भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग में भी ट्रेंड विश्लेषकों की मांग रहती है, जहां वेतन 50,000 रुपये से 1,20,000 रुपये प्रति माह तक हो सकता है। फ्रीलांस ट्रेंड फोरकास्टर्स भी क्लाइंट-बेस्ड मॉडल पर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### शिक्षा और योग्यता

**ट्रेंड फोरकास्टर बनने के लिए किसी विशेष डिग्री की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन निम्नलिखित विषयों में शिक्षा आपके लिए फायदेमंद हो सकती है**

**फैशन, टेक्नोलॉजी, बिजनेस, मार्केटिंग और सांस्कृतिक रुझानों का विश्लेषण करना होगा**

**कंपनियों को आने वाले बदलावों के लिए तैयार करने में करता है मदद**

### प्रमुख कोर्स और संस्थान

- फैशन डिजाइन और मर्चेंडाइजिंग–नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी), पर्ल अकादमी।
- मार्केटिंग और बिजनेस स्टडीज़–भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), दिल्ली विश्वविद्यालय।
- मीडिया और कम्युनिकेशन–जामिया मिल्लिया इस्लामिया, एमिटी यूनिवर्सिटी।
- डेटा एनालिटिक्स और सांख्यिकी–इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट।
- साइकोलॉजी और सोशियोलॉजी–जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीअरईएसएस)

### प्रमुख कौशल

**एक सफल ट्रेंड फोरकास्टर बनने के लिए निम्नलिखित कौशल आवश्यक होते हैं।**

- बाज़ार और उपभोक्ता व्यवहार की समझ– उपभोक्ता की पसंद और प्रवृत्तियों को समझने की क्षमता।
- डेटा विश्लेषण– सांख्यिकी और एनालिटिक्स टूल्स (एक्सल, पायथन, आर) का ज्ञान।
- क्रिएटिव और आलोचनात्मक सोच–नए रुझानों को पहचानने और उनकी व्याख्या करने की क्षमता।
- डिजिटल मार्केटिंग का ज्ञान– सोशल मीडिया ट्रेंड्स व ऑनलाइन उपभोक्ता व्यवहार का विश्लेषण।
- संचार और प्रस्तुति कौशल– अपनी रिपोर्ट और निष्कर्षों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने की क्षमता।

### करियर के अवसर

- फैशन कंपनियां– ज़ारा, एचएंडएम, लुई वुइटन, सब्यसाची
- मार्केट रिसर्च फर्म्स – नीलसन, मैकिन्से, बीसीजी
- टेक्नोलॉजी और इनोवेशन कंपनियां– गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, ऐप्पल
- सोशल मीडिया और डिजिटल एजेंसियां– ओगिल्वी, डब्ल्यूपीपी ग्रुप
- स्वतंत्र कंसल्टेंसी– कई ट्रेंड फोरकास्टर स्वतंत्र रूप से भी काम करते हैं।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

*किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर विजिट कर सकते हैं।*

# जीवन में सफलता हासिल करने के लिए सही रणनीति की आवश्यकता



मोटिवेशनल

डॉ. राजेश के. पिलानिया
प्रोफेसर, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम

हम जीवन में सफल होने और एक आशाजनक करियर बनाने की आकांक्षा रखते हैं। यह एक अच्छी आकांक्षा है। इसे साकार करने के लिए, किसी को सही रणनीति की आवश्यकता होती है-एक ऐसी रणनीति जो न केवल एक सफल करियर का मार्ग प्रशस्त करे बल्कि यह भी सुनिश्चित करे कि हम इस यात्रा में अपनी सेहत और रिश्तों को बनाए रखें और यात्रा का आनंद लें। यहाँ एक सफल करियर के लिए सात चरणों की रणनीति दी गई है। यदि आप किसी विशेष क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में प्रयास करते हैं, तो किसी दिन आप निश्चित रूप से अपने करियर में सफलता हासिल करेंगे।

### काम करने की गहरी इच्छा जरूरी

सवाल यह है, क्या आप वास्तव में वह काम करना चाहते थे? क्या आपके पास उस काम को करने की गहरी इच्छा है? यदि जवाब नहीं है, तो वह विशेष काम आपके लिए नहीं है। यह खोजने की कोशिश करें कि आप वास्तव में क्या करना चाहते हैं; घंटों काम करने के बाद, क्या चीज आपको और काम करने के लिए अधिक उत्साहित करती है?

**एक योजना बनाएं** : 'सपने देखने वाले' और 'सफलता पाने वाले' के बीच एक पतली रेखा होती है: 'योजनाबद्धता'। योजनाबद्धता एक व्यक्ति के जीवन का सबसे आवश्यक हिस्सा है। हर काम के लिए एक योजना बनाएं जो आप करना चाहते हैं, हर लक्ष्य के लिए जो आप हासिल करना चाहते हैं। लक्ष्य के 'क्यों' और 'क्या' को खोजें और उसी के अनुसार एक अनुशासित योजना बनाएं।

**योजना का पालन करें** : 'योजनाबद्धता' को सही मार्ग पर लागू करने की इच्छा के साथ पालन करना होगा, जो सफलता की ओर ले जाता है। जब आप एक योजना के साथ काम करते हैं, तो तीव्र परिवर्तन होता है।

**अपने संसाधनों को आवंटित करें** : हर संसाधन के पहलू का उचित तरीके से उपयोग करना एक बहुत बड़ा अंतर पैदा करता है, क्योंकि समय एक सीमित संसाधन है, और अवसर एक सीमित समय अवधि के साथ आते हैं, इसलिए अपने समय को पुरस्कृत प्रयासों पर लाना संसाधन प्रबंधन का मुख्य हिस्सा है।

### कार्य में जीवन संतुलन बनाए रखें

जब आप अपने करियर बनाने के मार्ग पर हों, तो जीवन को नजरअंदाज न करना आवश्यक है। यह महत्वपूर्ण है कि जीना बंद न करें। अपनी योजना और संसाधन आवंटन में, कुछ ब्रेक-टाइम रखें ताकि आप आराम कर सकें, अपनी सेहत का ध्यान रख सकें, और अपने रिश्तों का ध्यान रख सकें। अच्छी सेहत और अच्छे रिश्तों के बिना सफलता खोखली और अर्थहीन है।

**नियमित साप्ताहिक और मासिक मूल्यांकन, प्रतिक्रिया और सीख बनाए रखें** : अपनी प्रगति पर नजर रखने से आपको उन बाधाओं के जवाब मिलते हैं, जो आपके लक्ष्यों और उपलब्धियों के बीच आ रही हैं। प्रयासों और निर्णयों का साप्ताहिक और मासिक मूल्यांकन रखना काम के प्रति विचार प्रक्रिया को विस्तार देता है।

**इस यात्रा का आनंद लें** : एक सफल करियर की यात्रा मांगलिक और चुनौतीपूर्ण होती है। इस प्रक्रिया का आनंद लेना आवश्यक है। यह महत्वपूर्ण है कि असफलताओं को दिल से न लें; इसके बजाय, असफलता से जो सीख मिलती है उसे लें और सुधार करें, और फिर से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें।

**लेखक** : डॉ. राजेश के. पिलानिया मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम में प्रोफेसर हैं। उन्होंने भारत में खुशी पर अग्रणी कार्य किया है और उन्हें भारत के **Happiness** प्रोफेसर और भारत के **Happiness** गुरु के रूप में लोकप्रिय रूप से जाना जाता है। उन्होंने दुनिया भर में लाखों लोगों के साथ खुशी के अंतर्दृष्टि साझा किए हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** रेडियोधर्मिता की खोज किसने की थी ?
(ए) रदरफोर्ड
(बी) हेनरी वेक्वेरेल
(सी) रोएंटजेन
(डी) आइन्स्टाइन

**2.** रेडियो सक्रियता किसका गुण है
(ए) इलेक्ट्रॉन का
(बी) प्रोटॉन का
(सी) न्यूट्रॉन का
(डी) नाभिक का

**3.** रेडियोसक्रिय परिवर्तन में भाग लेता है
(ए) परमाणु के संयोजी इलेक्ट्रॉन
(बी) परमाणु के कोर इलेक्ट्रॉन
(सी) परमाणु के नाभिक
(डी) इनमे से कोई नहीं

**4.** किसी परमाणु के स्थाई नाभिक में प्रोटॉनो की संख्या होती है
(ए) न्यूट्रॉन की संख्या के बराबर
(बी) न्यूट्रॉन की संख्या से अधिक
(सी) न्यूट्रॉन की संख्या से कम
(डी) इसमे से कोई नहीं

**5.** रेडियोधर्मिता की यूनिट है
(ए) ऐंग्स्ट्रॉम
(बी) कैंडेला
(सी) फर्मी
(डी) क्युरी

**6.** रेडियोधर्मी तत्व किसका उत्सर्जन करती है
(ए) पराबैंगनी किरणों का
(बी) $\alpha$ , $\beta$ तथा $\gamma$ विकिरण
(सी) रेडियो तरंगे
(डी) अवरक्त तरंगे

**7.** अल्फा और $\beta$ किरणों की खोज किसने की थी
(ए) डॉल्टन
(बी) रौंटजन
(सी) रदरफोर्ड
(डी) विलार्ड

**8.** किस वज्ञानिक ने $\gamma$ किरणों की खोज की
(ए) विलार्ड ने
(बी) रदरफोर्ड
(सी) रौंटजन
(डी) डॉल्टन

**9.** निम्न में कौन रेडियोसक्रिय किरण हीलियम नाभिक के समकक्ष होता है
(ए) $\alpha$ किरण
(बी) $\beta$ किरण
(सी) $\gamma$ किरण
(डी) इनमे से कोई नहीं

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(बी) 9.(ए)

## खबर संक्षेप

### वक्फ बोर्ड कानून से होगा बदलावः चौधरी



**रेवाड़ी।** पंचनद समिति के जिला अध्यक्ष केशव चौधरी ने कहा कि वक्फ बोर्ड के संशोधित कानून से बोर्ड अधिकारियों और दलालों पर शिकंजा कसा जाएगा। चौधरी ने कहा कि देशभर में वक्फ बोर्ड को लेकर बहुत से मामले विचाराधीन है। लोकसभा में बिल पास कर संशोधित किए जाने पर बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी जिले में भी वक्त बोर्ड भूमि को लेकर बहुत से दलाल सक्रिय हैं।

### पंजाबी बिरादरी ने तय की किन्नरों की राशि

**रेवाड़ी।** शुक्रवार को पंजाबी बिरादरी की मीटिंग प्रधान प्रेमनाथ गेरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अब किन्नरों को हर खुशी के मौके पर 3100 रुपये ही शगुन दिया जाएगा। प्रधान ने कहा कि अब शादी, सगाई व मकान का गृह प्रवेश सहित अन्य खुशी के मौके पर किन्नरों को तय की गई राशी ही दी जाएगी। अगर कोई किन्नर बिरादरी के लोगों को पेरशान करता है तो डायल-112 पर सूचना दे सकते है।

### उत्तर-पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं मई व जून माह में रहेंगी प्रभावित

# गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर चल रहा पुनर्विकास कार्य, दो रेलगाड़ियां रद व ग्यारह का बदला मार्ग

कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं रद, आंशिक रद, मार्ग परिवर्तित, रीशेड्यूल व रेगुलेट रहेगी।




रेवाड़ी। उत्तर-पश्चिम रेलवे के रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरती ट्रेन। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जयपुर मंडल के गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। कार्य के कारण ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है, जिससे रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं रद, आंशिक रद, मार्ग परिवर्तित, रीशेड्यूल व रेगुलेट रहेगी। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 79601 अजमेर-गंगापुर सिटी रेलसेवा व गाड़ी संख्या 79602 गंगापुर सिटी-अजमेर रेलसेवा 28 मई को रद रहेगी। परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन रींगस, श्रीमाधोपुर, नीमकाथाना, नारनौल व अटेली, स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 12988 अजमेर-सियालदाह रेलसेवा 1 जून, 4 जून व 7 जून को अजमेर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग जयपुर-सवाईमाधोपुर-भरतपुर होकर संचालित होगी।

गाड़ी संख्या 15013 जैसलमेर-काठगोदाम रेलसेवा 1 जून, 4 जून व 7 जून को जैसलमेर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग जोधपुर-डेगाना-रतनगढ़-लोहारू-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन मेडता रोड, डेगाना, रतनगढ़, चूरू, सादुलपुर व लोहारू स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 19402 लखनऊ-साबरमती रेलसेवा 3 जून को लखनऊ से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग भरतपुर-सवाईमाधोपुर-जयपुर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 20937 पोरबंदर-दिल्ली सराय रेलसेवा 31 मई व 3 जून को पोरबंदर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी।परिवर्तित मार्ग में यह ट्रेन रींगस, श्रीमाधोपुर, नीमकाथाना, नारनौल व अटेली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 20964 वाराणसी-साबरमती रेलसेवा 31 मई को वाराणसी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग रेवाडी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14853 वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा 31 मई को वाराणसी सिटी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग भरतपुर-सवाईमाधोपुर-जयपुर होकर

### प्रारंभिक स्टेशन से आंशिक रद रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 51973 मथुरा-जयपुर रेलसेवा 4 जून व 7 जून को मथुरा से प्रस्थान करके खातीपुरा तक संचालित होगी। यह रेलसेवा खातीपुरा-जयपुर के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 51974 जयपुर-मथुरा रेलसेवा 4 जून व 7 जून को जयपुर के स्थान पर खातीपुरा से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09001 मुम्बई सेंट्रल-खातीपुरा रेलसेवा 31 मई को मुम्बई सेंट्रल से प्रस्थान करके अजमेर तक संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09002 खातीपुरा-मुम्बई सेंट्रल रेलसेवा 1 जून को खातीपुरा के स्थान पर अजमेर से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 20403 प्रयागराज-लालगढ़ रेलसेवा 6 जून को प्रयागराज से प्रस्थान करके खातीपुरा तक संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12404 लालगढ़-प्रयागराज रेलसेवा 8 जून को लालगढ़ के स्थान पर खातीपुरा से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12403 प्रयागराज-लालगढ़ रेलसेवा 3 जून को प्रयागराज से प्रस्थान करके खातीपुरा तक संचालित होगी तथा गाड़ी संख्या 20404 लालगढ़-प्रयागराज रेलसेवा 5 जून को लालगढ़ के स्थान पर खातीपुरा से संचालित होगी।

### इन ट्रेनों का रहेगा मार्ग परिवर्तित

गाड़ी संख्या 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी रेलसेवा 28 मई को बाड़मेर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में ट्रेन रींगस, श्रीमाधोपुर, नीमकाथाना, नारनौल व अटेली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14863 वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा 3 जून व 6 जून को वाराणसी सिटी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग भरतपुर-सवाईमाधोपुर-जयपुर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12215 दिल्ली सराय-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 7 जून को दिल्ली सराय से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में ट्रेन अटेली, नारनौल, नीमकाथाना, श्रीमधोपुर व रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 19269 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर रेलसेवा 6 जून को पोरबंदर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। संचालित होगी तथा गाड़ी संख्या 14864 जोधपुर-वाराणसी सिटी रेलसेवा 1 जून को जोधपुर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग जयपुर-सवाईमाधोपुर-भरतपुर होकर संचालित होगी।

### रीशेड्यूल व रेगुलेट वाली सेवाएं

गाड़ी संख्या 14854 जोधपुर-वाराणसी सिटी रेलसेवा 7 जून को जोधपुर से अपने निर्धारित समय से 2 घंटे 30 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 20404 लालगढ़-प्रयागराज रेलसेवा 7 जून को लालगढ़ से अपने निर्धारित समय से 2 घंटे 45 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14866 जोधपुर-वाराणसी सिटी रेलसेवा 4 जून को जोधपुर से अपने निर्धारित समय से 2 घंटे 30 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12404 लालगढ़-प्रयागराज रेलसेवा 1 जून व 4 जून को लालगढ़ से अपने निर्धारित समय से 2 घंटे 30 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 19616, 19616, कामाख्या-उदयपुर सिटी रेलसेवा 5 जून को कामाख्या से प्रस्थान करके कानौता रेलवे स्टेशन पर 35 मिनट रेगुलेट रहेगी।

इंदिरा गांधी विवि में कार्यक्रम

## फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विक्की भारद्वाज ने पाया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के वाणिज्य विभाग में कॉमर्स क्लब की ओर से फोटोग्राफी प्रतियोगिता कैप्चर द मोमेंट और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता और फोटोग्राफी कौशल को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर अदिति शर्मा ने की। कार्यक्रम में प्रो. संजय हुड्डा, डा. ममता, डा. संदीप पूर्वा और डा. मेघा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रतियोगिता में विक्की भारद्वाज ने प्रथम, विपिन शर्मा ने द्वितीय और साक्षी चौधरी ने तृतीय स्थान हासिल किया। डा. विजय हुड्डा, डा. ईश्वर सिंह, डा. प्रियंका रंगा और डा. संदीप कुमार ने सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## समाज के लोगों से खोल खंड के प्रधान कृष्ण का सहयोग करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कृष्ण कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपते प्रधान। फोटो: हरिभूमि

जांगिड़ भवन में जांगिड़ ब्राह्मण सभा की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कैलाश चन्द जांगिड़ ने की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण सभा की चुनाव प्रक्रिया में खंड खोल से कृष्ण कुमार जांगिड को 2 मार्च को नामांकन प्रक्रिया वाले दिन चुनाव अधिकारी होशियार सिंह जांगिड़ ने विजयी घोषित कर दिया, जोकि महासभा की नियमावली के तहत घोषित किया गया तथा 23 मार्च को जांगिड भवन में शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों ने खोरी स्थित मंदिर में कृष्ण कुमार जांगिड़ के चुनाव पर आपति दर्ज कराकर समाज की गुमराह करने की कोशिश की है। जिला अध्यक्ष ने आपत्ति को निराधार बताते हुए कहा कि चुनाव पूरी पारदर्शिता तथा नियमानुसार किए गए हैं। उन्होंने से खोल खंड प्रधान कृष्ण कुमार जांगिड़ का सहयोग करने की अपील की है।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## राजकीय विद्यालय पुंसिका में प्रवेश उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

शहीद अजीत सिंह राजकीय कन्या उच्च विद्यालय पुंसिका में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन मुख्यअध्यापक सुनील शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी योगेश यादव थे तथा विशेष अतिथि के रुप में सत्यपाल यादव सरपंच ने शिरकत की। मुख्यातिथि ने अध्यापिका किरण यादव के स्व. ससुर हरपाल यादव की स्मृति में स्कूल परिसर में बनवाए स्टेज का उद्धाटन किया। इस अवसर पर सामाजिक संस्था युवा चेतना संगठन के अध्यक्ष नरेश भारद्वाज व महासचिव प्रदीप यादव ने खंड स्तर पर स्कूल सौंदर्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लेने पर विद्यालय के मुख्य अध्यापक व सरपंच को सम्मानित किया। मुख्याध्यापक ने स्कूल की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर सम्मान किया। पूर्व सरपंच मंजीत यादव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच भूपेंद्र सिंह, उदयवीर सिंह, जगदीश प्रसाद, प्रेमप्रकाश, शुभराम, विशाल, अंजू, लक्ष्मी, सुमन, सोनम, कोयल, सोनम,कोयल व दर्शन सहित अनेक गणमान्य मौजूद थे।

## जैतपुर-शेखपुर में गंदगी से जोहड़ बना आफत

### भीषण गंदगी में फंसने से गोवंश की मौत

- ग्रामीण बोले-प्रशासन की उदासीनता कर रही परेशान कई बार कर चुके शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। जोहड़ से गोवंश को निकालते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वच्छता अभियान जिले में प्रशासनिक अधिकारियों को रास नहीं आ रहा है। यही कारण है कि 7 साल पहले पंचायत की ओर से प्रस्ताव पास करने पर भी गांव जैतपुर-शेखपुर की आबादी के बीच में बने जोहड़ में जमा हो रहे गंदे पानी से निजात दिलाने के लिए अधिकारी पहल नही कर रहे है। वीरवार देर रात को एक गोवंश की जोहड़ में जमा गंदगी में फंसकर मौत हो गई। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने सरपंच को सूचना। सरपंच लोकेश कुमार ने प्रशासन को घटना की सूचना दी, लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई मदद न मिलने पर सरपंच ने ग्रामीणों की मदद से जोहड़ में गिरे गोवंश को निकाला व उसका अंतिम संस्कार किया। गांव के समाजसेवी नितिन गोयल व पंच योगेश शर्मा भी इस समस्या की शिकायत कई बार सीएम ऑफिस व पीएम ऑफिस भेज चुके है। सीएम कार्यालय के हस्तक्षेप के बाद जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी दो बार गांव का दौरा तो कर चुके है, परंतु समस्या वही की वही है। पंच योगेश शर्मा का कहना है की पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से जोहड़ में गंदा पानी जमा हो रहा है। आसपास लगे कूड़े के ढेर तथा तालाब में जमा गंदे पानी से बीमारियां पनपने का डर बना रहता है तथा जोहड़ में कई हादसे भी हो चुके है। गांव के सरपंच लोकेश कुमार ने कहा कि आबादी के बीच में बना जोहड़ ग्रामीणों के लिए आफत बना हुआ है। पिछली पंचायत ने भी जोहड़ के पानी को बाहर के जोहड़ में शिफ्ट करने का प्रस्ताव प्रशासन को भेजा था। नई पंचायत के गठन के बाद वर्ष 2023 में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जनसंवाद कार्यक्रम में गांव के जोहड़ की समस्या से अवगत कराया था।




रेवाड़ी। डीईओ का स्वागत करते हजरस के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## विक्रम सिंह बने हजरस के रेवाड़ी ब्लॉक प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हजरस की जिला कार्यकारिणी की बैठक डा. बीआर अंबेडकर पार्क एवं लाइब्रेरी आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रचार सचिव आरपी सिंह दहिया ने की। बैठक में सर्वसम्मति से रेवाड़ी ब्लॉक की इकाई का गठन किया गया, जिसमें विक्रम सिंह साइंस मास्टर जीएमएस बालावास अहीर को ब्लॉक प्रधान, राजेश कुमार मौलिक मुख्याध्यापक लिसाना को सचिव, बीरेंद्र सिंह खालेटिया मौलिक मुख्याध्यापक आंकेड़ा को कोषाध्यक्ष, दिनेश कुमार जेबीटी जीपीएस कोनसीवास को उपप्रधान तथा चंद्रशेखर खरखड़ा जेबीटी जीएमएस भटसाना को संगठन सचिव चुना गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर प्रदेश प्रचार सचिव दहिया, प्रदेश सचिव रमेश अहरोदिया, जिला प्रधान सुमेर सिंह, बावल ब्लॉक प्रधान विक्रम सिंह बेरवाल, रणबीर शास्त्री, राजकुमार माजरा, जिला संयोजक सज्जन बागड़ी, हरीश मोदीपुर,सत्यवीर गोठवाल व मान सिंह उपस्थित थे।

### कोसली के गांव से विवाहिता लापता

**कोसली।** क्षेत्र के गांव से एक महिला बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गई। महिला के पति ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि वह गांव में काम से गया हुआ था। शाम को वापस आया तो पत्नी घर पर नहीं मिली। उन्होंने उसकी सभी रिश्तेदारियों तथा गांव में तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने उनकी शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है

### गांव धवाना में बाबा का मेला कल

**डहीना।** खंड डहीना के गांव धवाना में 6 अप्रैल को बाबा नला वाले का विशाल मेला आयोजित होगा। मेला कमेटी के प्रवक्ता ने बताया कि ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित होने वाले मेले में खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा, जिसमे वालीबॉल समेसिंग व प्रो कबड्डी आयोजित होगी। कुश्तियां व बुजुर्गो की दौड़ की कराई जाएगी। गांव के मनीष यादव की ओर से देशी घी का भंडारा होगा तथा राजेश थानेदार भी सहयोग करेंगे। मेले में भजन व लोक गायन भी किया जाएगा।

### नवीन बने स्वास्थ्य मंत्री के मीडिया एडवाइजर



नवीन यादव

**रेवाड़ी।** स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने मोतला गांव निवासी नवीन यादव को अपना मीडिया एडवाइजर नियुक्त किया है। नवीन यादव ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने मीडिया एडवाइजर नियुक्त करने पर स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह मंत्री आरती राव की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे और स्वास्थ्य विभाग व जनता के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करने का प्रयास करेंगे।

### मंचन | आईजीयू से प्रो. सुशांत यादव व वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

लैला की भूमिका में हिमानी, मनचले की भूमिका में हिमांशु ने निभाई

## हास्य एवं व्यंगात्मक नाटक 'हाय रे लैला' का मंचन, सामाजिक कुरीतियों पर कसा तंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी






रेवाड़ी। बाल भवन में नाटक का मंचन करते व बाल भवन में नाटक का मंचन करते कलाकार। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा कला परिषद और सामाजिक एवं नाट्य संस्था भरतमुनि कला केंद्र की ओर से बाल भवन में तीन दिवसीय नाट्य उत्सव के प्रथम दिन हास्य नाटक 'हाय रे लैला' का मंचन किया गया। वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश मस्तान, वरिष्ठ रंगकर्मी रामचरण, आईजीयू से प्रोफेसर सुशांत यादव व वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। 'हाय रे लैला' नाटक अत्यंत ही हास्य एवं व्यंगात्मक नाटक है, जिसमें एक नर्तकी पैसों की वजह से दरबदर भटकती है और पैसों के लिए किसी से भी शादी करने के लिए तैयार हो जाती है। इसी जद्दों-जहद में मंच पर अनेक किरदार आते हैं और व्यंगात्मक तरीके से समाज की कुरीतियों से लोगों को अवगत कराते हैं। नाटक में लैला की भूमिका में हिमानी, मनचले की भूमिका में हिमांशु गुप्ता, जमुना बाई की भूमिका में आंचल, घुंघरू की भूमिका में धीरज शर्मा, नवाब की भूमिका में नितिन राठी व चंपाकली की भूमिका में नाटक के निर्देशक डा. अंकुर खेर थे। मेकअप गुलशन कुमार तथा बैक स्टेज में ऋतिक बत्रा ने अहम भूमिका निभाई। संस्था के प्रधान मदन डागर ने बताया कि विकास शर्मा की ओर से लिखित और डा. अंकुर खेर द्वारा निर्देशित 'हाय रे लैला' का दक्षिण हरियाणा क्षेत्र में प्रथम मंचन हुआ है। इस अवसर पर, ललित वर्मा, आर्यन, लावण्या फाउंडेशन के सचिव झम्मन सिंह सैनी, आदित्य डाटा, अभिषेक सैनी, गजानंद, सागर सैनी व पुलकित सहित अनेक गणमान्य व्यक्तिमौजूद थे।

### देखरेख की कमी, पशु अस्पतालों की दयनीय हालत

**रेवाड़ी।** पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि रेवाड़ी में पशु चिकित्सालयों की समय पर देखरेख की कमी के कारण दयनीय हालत हो चुकी है। लगभग सभी पशु चिकित्सालय के भवन जर्जर अवस्था में है। पशु अस्पतालों में कई गांवों के पशुओं का इलाज किया जाता हैं। इसके बावजूद वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी भवन की मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे यहां काम करने वाले डॉक्टर और अन्य स्टाफ हमेशा दहशत में रहते हैं। पशुओं के लिए दवा लेने आने वाले लोग भवन के बाहर ही खड़े रहते हैं। भवनों की हालत इतनी खस्ता है।

### कल मनेगा भाजपा का स्थापना दिवस

**मंडी अटेली।** भाजपा का स्थापना दिवस छह अप्रैल को स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के कार्यालय अटेली में मनाया जाएगा। यह जानकारी अटेली मंडल के अध्यक्ष मुकेश कुमार गणियार ने दी है।

**सूचना**

मैं, फुलबती (PHOOLBATI) पत्नी स्व. फुलचन्द आर्मी नंबर 1185610 निवासी लूखी, उप-तहसील नाहड, जिला रेवाडी हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे पति स्व. फुलचन्द पुत्र गणेशी लाल के आर्मी रिकार्ड में मेरा नाम फुलवती कुमारी (PHOOLWATI KUMARI) दर्ज है परन्तु मेरे आधारकार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम फुलबती दर्ज है। दोनों नाम फुलबती व फुलवती कुमारी मेरे स्वंय के है तथा उक्त नामों की मैं एक ही औरत हूं।

## खबर संक्षेप


रेवाड़ी। स्कूल में हवन करते हुए शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### हवन के साथ नए सत्र की शुरूआत

रेवाड़ी। दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में हवन करके नए सत्र 2025-2026 की शुरूआत की गई। स्कूल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने थाली सज्जा, फोटो शूट और हाथों के प्रिंट लेने के साथ-साथ हवन में भाग लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह दहिया ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह नया सत्र विद्यार्थियों के लिए एक नई दिशा और नए अवसर लेकर आएगा।

### चौरासिया ब्राह्मण सभा का शपथ ग्रहण समारोह कल

रेवाड़ी। चौरासिया ब्राह्मण सभा की ओर से 6 अप्रैल को नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर में शाखा के नए पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। सभा के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम में सुबह 10:15 बजे भगवान परशुराम का पूजन किया जाएगा। इसके बाद अतिथियों का स्वागत करने के बाद पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। शपथ ग्रहण के बाद सभा के कार्यों को लेकर चर्चा की जाएगी।



### अवैध कब्जा हटाने के लिए निर्देश दिए

रेवाड़ी। कार्यवाहक डीसी अनुपमा अंजलि ने शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को गांव बगथला में अवैध कब्जा हटाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जा रहा है। समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच संवाद का महत्वपूर्ण मंच है। कार्यवाहक डीसी अनुपमा अंजलि ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में डीएमसी राहुल मोदी व सीटीएम प्रीति रावत सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ नागरिकों की शिकायतें सुनीं।

सरसों के ओपन में बढ़ रहे दाम

# हैफेड ने रेवाड़ी व कोसली में खरीदा 11 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं


रेवाड़ी। कोसली अनाजमंडी में गेहं व सरसों की लगी ढेरियां। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। रेवाड़ी अनाजमंडी में गेहूं साफ करते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

- रेवाड़ी व कोसली अनाजमंडी में एक-एक लाख क्विंटल से अधिक सरसों की सरकारी खरीद, बावल अनाजमंडी में 25 हजार क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/बावल/कोसली

रेवाड़ी अनाजमंडी में सरसों के ओपन भाव में उछाल आता जा रहा है। किसानों को खुले में सरकार की एमएसपी से ज्यादा भाव मिल रहे है। शुक्रवार को ओपन में 6100 रुपये प्रति क्विंटल की दर तक सरसों की बिक्री हुई, जबकि सरकार की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल है। रेवाड़ी व कोसली अनाजमंडी में शुक्रवार को 11 हजार क्विंटर से अधिक गेहूं की सरकारी खरीद की गई। बावल अनाजमंडी में अभी गेहूं की आवक शुरू नहीं हो पाई है। रेवाड़ी अनाजमंडी में शुक्रवार को हैफेड की ओर से 36 किसानों से 2874 क्विंटल गेहूं खरीदा गया। वही कोसली में हैफेड ने 136 किसानों से 8311 क्विंटल गेहूं की खरीद की। इसके अलावा रेवाड़ी अनाजमंडी में हैफेड की ओर से 355 किसानों से 15000 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। हैफेड की ओर से अभी तक 106337 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। बावल अनाजमंडी में वेयर हाउस कारपोरेशन की ओर से शुक्रवार को 104 किसानों से 2501 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। वेयरहाउस से परचेजर सुरेन्द्र ने बताया कि अब तक 24445 क्विंटल सरसों खरीदी जा चुकी है तथा 37000 कट्टों का उठान भी किया जा चुका है।


रेवाड़ी। रेवाड़ी अनाजमंडी में सरसों की ओपन में खरीद करते आढती। फोटो : हरिभूमि

**कोसली मंडी में गेहूं व सरसों की भारी आवक :** कोसली अनाज मंडी में सरसों व गेहूं की भारी आवक हो रही है। हैफेड के प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि वीरवार को 3570 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई तथा शुक्रवार को 8311 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र सिंह ने बताया कि मंडी अभी तक 46639 क्विंटल गेहूं के 797 गेट पास जारी किए गए हैं। इसके अलावा 184484 क्विंटल सरसों के लिए 8562 गेटपास जारी किए गए हैं। शुक्रवार तक 91232 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। खरीद अधिकारी जगदीश बांगड़ ने बताया कि शाम तक 11000 क्विंटल सरसों की खरीद की गई तथा एक लाख 54200 कट्टों का उठान भी हो चुका है।


रेवाड़ी। माता के भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

### दुर्गा मार्केट में माता के भंडारे का हुआ आयोजन

रेवाड़ी। नवरात्रि के उपलक्ष्य में शुक्रवार को दुर्गा मार्केट एसोसिएशन की ओर से बावल रोड स्थित वैष्णों महल होटल के पास माता रानी के देशी घी के भंडारे का आयोजन किया गया। माता के भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बावल रोड पर प्रति वर्ष मार्केट के दुकानदारों व दानदाताओं के सहयोग से माता के भंडारे का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालुओं ने भंडारे में हलवा, पूरी व सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर माता के भजनों से माहौल भक्तिपूर्ण रहा। एसोसिएशन की ओर से भंडारे के दौरान सफाई व्यवस्था का भी पूरा ध्यान रखा गया तथा श्रद्धालुओं से कूडादान में ही डोना-पत्तल डालने की अपील करते हुए माइक पर अनाउंस चलता रहा


रेवाड़ी। सीएमओ से मिलते एमपीएचई एसो. के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### एमपीएचई एसोसिएशन ने की सीएमओ से मुलाकात, फील्ड की समस्याएं रखी

रेवाड़ी। एमपीएचई एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को सिविल सर्जन डा. नरेन्द्र दहिया के कार्यभार संभालने पर बुक्के भेंटकर स्वागत किया। एसोसिएशन सदस्यों की ओर से सीएमओ को फील्ड की समस्याओं से अवगत कराया गया। एसोसिएशन के प्रधान बिरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि सीएचसी बावल से एलएचवी सावित्री व एलएचवी पद्मावती को तकनीकी कारणों से पिछले छह महीने से वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण उन्हें व्यक्तिगत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीएमओ ने सभी समस्याओं के जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एसोसिएशन के जिला सचिव जितेंद्र कुमार, राज्य कैशियर दिनेश यादव, जिला कैशियर विक्रम यादव, नाहड़ ब्लॉक प्रधान नवदीप गहलावत, हैल्थ इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह, राहुल दहिया, देवकरण, हरिकिशन, सुरेश कुमार, विनोद कुमार व रमेश कुमार उपस्थित थे।

### नेहरू पार्क के पास से बाइक चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। सेक्टर-3 चौकी पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव बोलनी निवासी प्रवीण के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में चोरी की गई बाइक को पहले ही बरामद कर लिया था। गांव बैरियावास निवासी विशाल यादव ने गत 25 जनवरी को अपनी बाइक को नेहरू पार्क के पास खड़ी की थी, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया था। जांच के बाद पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त आरोपी गांव बोलनी निवासी प्रवीण को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में बाइक चोरी का आरोपी।

# पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन, झुग्गी झोपड़ियों व संदिग्ध स्थानों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पिछले दिनों ईट-भट्टे पर 18 बांग्लादेशी मिलने के बाद जिला पुलिस फिर से एक्टिव हो गई है। शुकवार को मॉडल टाउन थाना पुलिस, डॉग स्क्वायड व कमांडों टीम ने संयुक्त रूप से धक्का बस्ती, गंदे नाला के पास, कंटेनर डिपो व गांव ढालियावास में विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने झुग्गी-झोपड़ियों और संदिग्ध स्थानों की जांच की। पुलिस टीम ने बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी लेकर उनके पहचान पत्रों की जांच की। पुलिस ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ तथा वाहनों के कागजातों की भी जांच की। माडल टाउन थाना एसएचओ विद्यासागर ने बताया कि पुलिस की ओर से सुरक्षा को लेकर और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को काबू करने के लिए सर्च अभियान चलाया गया। शुक्रवार को जिला पुलिस की ओर से गठित टीम ने विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को किसी प्रकार की आपत्तिजनक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। एसपी डा. मयंक गुप्ता ने जनता से अपील करते हुए कहा कि अगर कोई नशीला पदार्थ बेचता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें, पुलिस तुरंत एक्शन लेगी।


रेवाड़ी। सर्च अभियान चलाते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

बड़ा हादसा होने से टल गया

# आंधी से पेड़ टूटकर ट्रांसफार्मर पर गिरा ट्रांसफार्मर गिरने से तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त

## हादसे की आशंका से अफरा-तफरी का माहौल बना, लोग अधर-उधर भागने लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार देर सायं गांधी चौके पर आंधी से पेड़ टूटकर बिजली ट्रांसफार्मर पर गिर गया। पड़े गिरने से ट्रांसफार्मर भी नीचे खड़ी गाड़ियां पर गिर गया, जिससे तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। फॉल्ट होकर लाइन ट्रिप होने से बड़ा हादसा होने से टल गया। काफी देर तक गांधी चौक के पास अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

देर सायं एक पेड़ बिजली ट्रांसफार्मर पर गिर गया। इससे लाइन फॉल्ट होते ही बिजली बंद हो गई। ट्रांसफार्मर जमीनी गिर गया, जिससे पास में खड़ी तीन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों में हादसे की आशंका से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग अधर-उधर भागने लगे। समय पर बिजली बंद होने से बड़ा हादसा होने से टल गया। गांधी चौक बाजार में शाम के समय काफी भीड़ रहती है। अगर समय पर बिजली बंद नहीं होती, तो शॉर्ट सर्किट से बड़ा हादसा या आगजनी होने की पूरी आशंका थी।


रेवाड़ी। मॉडल टाउन में टूटे बिजली के पोल दुरुस्त करते बिजलीकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### बाधित रही पूरे बाजार की बिजली

घटना के बाद मॉडल टाउन एरिया की बिजली गुल हो गई। निगम कर्मियों ने रात को ही ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य शुरू किया। शुक्रवार को बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। इस दौरान क्षेत्र के लोगों को काफी समय तक बिजली के बिना परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में कई अन्य स्थानों पर भी बिजली लाइनों और ट्रांसफार्मरों के आसपास पेड़ खड़े हैं। बरसात के सीजन में इनसे हादसों की आशंका बनी रहेगी। अनुमति नहीं मिलने के कारण बिजली निगम इन पेड़ों को काट भी नहीं पा रहा है।

# यातायात नियमों का सही से पालन करना बेहद जरूरी

- सिटी ट्रैफिक पुलिस ने शिक्षकों व विद्यार्थियों को यातायात के नियमों, नशे के दुष्प्रभावों एवं समय पर चालान भरने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सिटी ट्रैफिक पुलिस की ओर से शुक्रवार को विश्वकर्मा सीनियर सैकेंडरी स्कूल में यातायात के नियमों, नशे के दुष्प्रभावों एवं समय पर चालान भरने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिटी ट्रैफिक ट्रैफिक से एएसआई सत्यनारायण एचसी शिवभूषण, आरएसओ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश वशिष्ठ, स्कूल प्रबंधन समिति सचिव धीरज शर्मा व प्रिंसिपल श्रुति शर्मा मौजूद रही। ट्रैफिक पुलिस ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को यातायात नियमों की पालना करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने, वाहन चलते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने, नशीले पदार्थो का सेवन न करने के साथ-साथ नाबालिग बच्चों को टू और फोर व्हीलर गाड़ी न चलाने देने के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान सिटी ट्रैफिक पुलिस ने शिक्षकों व विद्यार्थियों से नशा मुक्ति व खेलों में भागीदारी करने का आह्वान किया। एएसआई सत्यनारायण ने कहा कि अधिकांश सड़क हादसे चालक की गलती से होते हैं।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद ट्रैफिक पुलिस, शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### अब चालकों को 90 दिनों में चालान भरना अनिवार्य

सड़क हादसों से बचने के लिए मार्ग पर चलते समय यातायात नियमों का सही से पालन करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि ई-चालान प्रणाली के जरिए वाहन मालिक अपने चालान को ऑनलाइन देख सकते हैं और तुरंत भुगतान कर सकते हैं। इससे चालान प्रक्रिया पारदर्शी और आसान हो गई है। उन्होंने बताया कि अब चालकों को 90 दिनों में चालान भरना अनिवार्य है। अगर इस समय सीमा का पालन नहीं किया गया, तो वाहन जब्त किया जाएगा और अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इसलिए वाहन चालक ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक रहे व एक अच्छे वाहन चालक के साथ एक अच्छे नागरिक होने का परिचय दें।

महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं

# अग्रवाल सभा की महिला टीम का गठन, मोना गोयल बनी प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अग्रवाल सभा की ओर से महिला टीम के गठन के लिए कार्यकारिणी, विशेष आमंत्रित सदस्यों एवं अग्रवाल सभा की महिला सदस्यों की मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमे सर्व सहमति से मोना गोयल उर्फ मंजू गोयल को प्रधान, कल्पना अग्रवाल को उप प्रधान, अलका गुप्ता को सचिव, शिफाली गोयल व मंजू अग्रवाल को सह सचिव, आंचल अग्रवाल व शशि मित्तल को कोषाध्यक्ष तथा प्रभा अग्रवाल को मैनेजर पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के प्रधान रिपुदमन गुप्ता, उपप्रधान एडवोकेट राकेश गुप्ता, महासचिव राजीव गोयल, सह सचिव संदीप गोयल व कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल मौजूद थे। उन्होंने नवनिर्वाचित महिला कार्यकारिणी को बधाई दी। सभा के प्रधान रिपुदमन गुप्ता ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है।

समाज की भलाई व समाज की संस्कृति को बनाए रखने में उनका बड़ा महत्वपूर्ण योगदान है।


रेवाड़ी। नवनिर्वाचित महिला टीम के साथ अग्रवाल सभा के प्रधान रिपुदमन गुप्ता व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**मौसम** अगले सप्ताह एक बार फिर मौसम में आएगा बदलाव, आज से तापमान में फिर होने लगेगी वृद्धि

# आसमान साफ होने से राहत, चढ़ने लगा रात का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार सायं तेज आंधी और आसमान में बादलों के बाद मौसम साफ हो गया। दिन का तापमान मामूली कम हो गया, जबकि रात के तापमान में काफी वृद्धि दर्ज की गई है। बरसात का खतरा फिलहाल टल गया है। अगले सप्ताह के मध्य मौसम में परिवर्तन आने की संभावना है। तापमान में 5 अप्रैल से और वृद्धि हो सकती है। अगले सप्ताह तक तापमान 44 डिग्री तक पहुंच सकता है।

कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते वीरवार को शाम के समय आसमान में बादल गहरा गए थे। शाम को कई इलाकों में तेज हवाएं और आंधी चली। बरसात का मौसम बनने से किसानों की चिंता बढ़ गई थी, परंतु देर रात आसमान साफ हो गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस कम होकर 38 डिग्री पर आ गया। रात का तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 17 डिग्री पर पहुंच गया। तापमान में वृद्धि होने से अब लोगों को रात के समय भी गर्मी का सामना करना पड़ेगा। अभी तक रात का तापमान 12 डिग्री के आसपास बना हुआ था, जिससे रात के समय लोगों को गर्मी से राहत मिली हुई थी। सुबह के समय भी मौसम ठंडा बना रहता था। अब रात को भी पारा चढ़ना शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ अब अप्रैल के दूसरे सप्ताह में एक बार फिर सक्रिय होगा, जिससे तेज हवाओं के साथ आसमान में बादल गहराएंगे। कुछ स्थानों पर बूंदबांदी की संभावना भी बनी रहेगी। तापमान में लगातार वृद्धि हो सकती है। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े तक तापमान 44 डिग्री से भी आगे निकल सकता है, जिससे जून जैसी तेज हवाओं के कारण जनजीवन पर असर पड़ सकता है।

तापमान 38 डिग्री पर पहुंचने के बाद भी दिन के समय गर्म हवाएं चलनी शुरू हो गई हैं।


रेवाड़ी। सरकुलर रोड के अग्रसेन चौक पर गर्मी से यातायात कम। फोटो : हरिभूमि

### फसल कटाई की स्पीड बढ़ाई

*मौसम बिगड़ने के बाद वीरवार को किसानों की चिंता बढ़ गई थी। बादलों और आंधी ने परेशानी पैदा कर दी। मौसम साफ होने के बाद किसानों ने गेहूं की कटाई का कार्य तेज कर दिया है। अगर इस समय बरसात होती है, तो इससे फसल कटाई का कार्य बाधित हो सकता है। किसान जल्द से जल्द फसल निकालने का प्रयास कर रहे हैं। सरसों की कटाई का कार्य पूरा होने के बाद किसान फसल निकाल रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग भी बढ़नी शुरू हो गई है। तापमान के साथ बिजली की खपत बढ़ने से लोगों को अगले सप्ताह से पावर कटों का सामना भी करना पड़ सकता है।*


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### अवैध हथियार के साथ एक आरोपी व गिरफ्तार

रेवाड़ी। कानोड गेट चौकी पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान यूपी के जिला अलीगढ़ के गांव नंगला दरवर गोंडा हाल किरायेदार मोहल्ला रामसिंहपुरा रेवाड़ी निवासी पिंटू के रूप में हुई है। 3 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि पिंटू निवासी गांव नंगला दरवर गोंडा के जिला अलीगढ़ यूपी हाल किरायेदार मोहल्ला रामसिंहपुरा अपराधी किस्म का व्यक्ति है तथा अवैध हथियार के साथ अजय नगर कब्रिस्तान के पास पैदल घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके से आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 1 देशी रिवाल्वर बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।


रेवाड़ी। गांव नेहरूगढ़ स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम। फोटो :हरिभूमि

### नेहरूगढ़ खेल स्टेडियम से वालीबॉल कोच का स्थानांतरण होने पर खिलाड़ियों में रोष

- प्रशासन से पवन कुमार के ऑर्डर कैंसिल करने की गुहार लगाई

नाहड़। गांव नेहरूगढ़ स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में कार्यरत वालीबॉल कोच पवन कुमार का पलवल स्थानांतरण होने पर खिलाड़ियों में रोष है। उन्होंने प्रशासन से पवन कुमार के ऑर्डर कैंसिल करने की गुहार लगाई है। वालीबॉल कोच पवन कुमार लंबे समय से राजीव गांधी खेल स्टेडियम में सेवारत थे। उन्होंने लड़के तथा लड़कियों की वालीबॉल की दो नर्सरी तैयार की हुई थी, जिसमें निरंतर अभ्यास चल रहा था। एक सप्ताह पहले विभाग ने उनका स्थानांतरण पलवल कर दिया गया, जिसके कारण बच्चों की वालीबॉल प्रैक्टिस बाधित हो गई। नेहरूगढ़ के सरपंच आशीष प्रजापति ने विधायक व स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपकर वालीबॉल कोच पवन कुमार के स्थानांतरण को कैंसिल कराने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में बने स्टेडियम में न बिजली है न पानी है और न ही स्टाफ है।